Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to secure the financial security of workers rendered jobless after closure of companies in Bharuch, Parliamentary Constituency-laid.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात में मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच क्षेत्र भरूच के अंतर्गत दहेज, झगड़िया, अंकलेश्वर और पानौली आदि औद्योगिक क्षेत्र हैं । यहां पर कई कम्पनियों के बंद हो जाने से वहां के कामगारों की हालत अत्यन्त दयनीय हो गई है । उद्योग शुरू करते समय उद्योगपति सरकार की योजनाओं का पूरा फायदा उठाते हैं और उसके बाद में 25-30 साल बाद कोई न कोई बहाना बनाकर तथा वही उद्योग दूसरे राज्य में लगाने तथा सरकारी फायदा लेने के लिए बन्द कर देते हैं । इस तरह से 25-30 साल तक उक्त उद्योगों में काम करने वाले लोगों को बहुत कम 6-7 लाख रुपये देकर वी.आर.एस. देकर उनको नौकरी से बाहर कर देते हैं । इसके बाद उन कर्मचारियों को हालत बहुत दयनीय हो जाती है । इन लोगों में वो Landloser भी शामिल हैं जिन्होंने G.I.D.C. को उद्योग लगाने हेतु अपनी जमीन दी । ऐसे लोगों को बहुत कम मुआवजा मिलता है तथा नौकरी भी चली जाने के कारण उनकी हालत बहुत दयनीय हो जाती है । उपरोक्त लोगों को न्याय देने वाले प्रशासनिक अधिकारी शोषित और पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के बजाय कथित रूप से ताकतवर उद्योगपतियों का ही पक्ष लेते हैं । ऐसे में सरकार से मेरा आग्रह है कि वह ऐसे शोषित और पीड़ित कामगारों की आर्थिक सुरक्षा हेतु तत्काल ठोस कदम उठायें ।

मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में औद्योगिक क्षेत्र दहेज स्थित तेलस्पन कंपनी ने कई कामगारों को वी.आर.एस. देकर तथा दूसरे स्थान पर मनमाने तरीके से ट्रांसफर करने के अलावा कई कामगारों को नौकरी से निकाल दिया गया है ।